कलेक्टर ने राजस्व अमले में किया फेरबदल

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 16 जून। जिले में

राजस्व व्यवस्था को अधिक प्रभावी और संतुलित बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बड़ा प्रशासनिक निर्णय लेते हुए 73 पटवारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। मध्यप्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशों के तहत जारी इस आदेश में विभिन्न तहसीलों और राजस्व हलकों में पदस्थ पटवारियों को प्रशासनिक आधार पर तत्काल प्रभाव से नई पदस्थापना दी गई है। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा जारी आदेश के अनुसार खनियाधाना, करैरा, पिछोर, नरवर, बदरवास, कोलारस, पोहरी, बैराड़, रन्नौद और शिवपुरी क्षेत्र के पटवारी स्थानांतरण सूची में शामिल हैं। इनमें सबसे अधिक फेरबदल खनियाधाना, करैरा, पिछोर, नरवर और शिवपुरी क्षेत्रों में किया गया है।

73 पटवारी बदले, खनियांधाना, करैरा, पिछोर, शिवपुरी और नरवर सबसे अधिक प्रभावित

तबादला सूची में पटवारी सुरेन्द्र शाक्य खनियाधाना से करैरा, रामनरेश जादौन खनियाधाना से करैरा, दिनेश सिंह सिकरवार खनियाधाना से करैरा, शैलेन्द्र सिंह जादौन खनियाधाना से नरवर, पुष्पेन्द्र शर्मा पिछोर से करैरा, प्रतीक पाराशर पिछोर से करैरा, विजय रघुवंशी पिछोर से करैरा, जितेन्द्र नागर नरवर से बदरवास, अनीता परिहार करैरा से खनियाधाना, संतोष गुप्ता करैरा से कोलारस, पुष्पेन्द्र मेहरा करैरा से खनियाधाना, रामबाबू पुरी गोस्वामी करैरा से पिछोर, महेन्द्र भार्गव करैरा से शिवपुरी, कप्तान सिंह यादव पिछोर से पोहरी, जेम्स टोपो रन्नौद से शिवपुरी, देवेन्द्र सिंह राजपूत पिछोर से बैराड़, हरीसिंह वर्मा पिछोर से शिवपुरी, प्रभाकर मरैया बदरवास से नरवर, मनोज सिंह चकोटिया पिछोर से पोहरी, बलराम धाकड़ करैरा से पिछोर, पुष्पेन्द्र गुप्ता करैरा से खनियाधाना, रामवीर सिंह रावत कोलारस से शिवपुरी, रामसेवक राठौर बैराड़ से शिवपुरी, रूबी भार्गव करैरा से पिछोर, तानिया गुप्ता पिछोर से शिवपुरी, राकेश कुमार जैन शिवपुरी से पिछोर, सविता बंसल (अग्रवाल) करैरा से खनियाधाना, मनीष बुधोलिया शिवपुरी से शिवपुरी, दुष्यंत तोमर शिवपुरी से शिवपुरी ग्रामीण, देवेन्द्र गर्ग शिवपुरी से खनियाधाना, वकील बंजारा करैरा से शिवपुरी, पवन भार्गव पिछोर से करैरा, विकास जैन शिवपुरी से खनियाधाना, आनंद यादव शिवपुरी से शिवपुरी ग्रामीण, हर्ष ओझा पिछोर से बदरवास, शिवेष गुप्ता रन्नौद से शिवपुरी, मयंक पाठक खनियाधाना से शिवपुरी, किरण पाराशर रन्नौद से बदरवास, प्रदीप अग्रवाल कोलारस से बदरवास, गिर्राज हिडोलिया रन्नौद से शिवपुरी, आदर्श श्रीवास्तव पोहरी से कोलारस, नंदकिशोर धाकड़ रन्नौद से बदरवास, सुनील उपाध्याय रन्नौद से कोलारस, रामप्रकाश अहिरवार रन्नौद से पिछोर, अनुराग शर्मा बदरवास से शिवपुरी, शिवकुमार शर्मा कोलारस से शिवपुरी, संध्या शर्मा करैरा से शिवपुरी, संदीप पाराशर कोलारस से शिवपुरी, राकेश आर्य शिवपुरी से नगरीय शिवपुरी, अर्जुन सिंह गुर्जर नरवर से करैरा, ओम नारायण भार्गव नरवर से खनियाधाना, राजबहादुर जाटव नरवर से करैरा, कमलकिशोर सेन नरवर से खनियाधाना, कृष्ण कुमार चौरसिया नरवर से पिछोर, प्रहलाद सिंह परिहार बदरवास से रन्नौद, जितेन्द्र दांगी बदरवास से रन्नौद शामिल हैं।

किन्नर गद्दी को लेकर विवाद

भावना किन्नर ने लगाए गंभीर आरोप

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 16 जून। रन्नौद क्षेत्र की किन्नर गद्दी को लेकर चल रहा विवाद अब प्रशासनिक स्तर तक पहुंच गया है। गादीपति भावना किन्नर ने भोपाल के कुछ किन्नरों पर जान से मारने, मारपीट करने और झूठे मामलों में फंसाने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाते हुए मंगलवार को कलेक्टर को शिकायत सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

भावना किन्नर का आरोप है कि भोपाल निवासी काजल ठाकुर, नेहा किन्नर, मुस्कान उर्फ अभी गुर्जर, अर्शी गुर्जर समेत करीब 50 लोग उनकी गद्दी पर कब्जा करने की साजिश रच रहे हैं। शिकायत के अनुसार सोशल मीडिया और विभिन्न ग्रुपों में वीडियो जारी कर उन्हें धमकाया जा रहा है तथा उनकी छवि खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। भावना किन्नर ने दावा किया कि उन्हें अखिल भारतीय किन्नर पंचायत की सहमति से गादीपति नियुक्त किया गया है, जिसे विरोधी गुट स्वीकार नहीं कर रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि विरोधी पक्ष किन्नर समाज में धार्मिक विभाजन पैदा कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहा है। कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में भावना किन्नर ने अपनी और अपने चेलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के बाद किन्नर समाज का यह विवाद जिले में चर्चा का विषय बन गया है।

कोलारस रेंजर की अगुवाई में बड़ी कार्रवाई

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 16 जून। वनभूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ कोलारस वन विभाग ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए सनवारा बीट में करीब 150 बीघा वनभूमि को अतिक्रमण मुक्त करा दिया। रेंजर गोपाल सिंह जाटव के

भू-माफियाओं के कब्जे से 150 बीघा वनभूमि मुक्त कराई

नेतृत्व में वन, राजस्व और पुलिस विभाग के संयुक्त दल ने कक्ष क्रमांक आरएफ-127 एवं आरएफ-129 में वर्षों से किए गए अवैध कब्जों को ध्वस्त कर शासन की भूमि को मुक्त कराया।

रेंजर गोपाल सिंह जाटव के अनुसार, अतिक्रमणकारियों द्वारा वनभूमि पर अवैध खेती एवं अन्य गतिविधियां संचालित की जा रही थीं। मामले की जांच, दस्तावेजी साक्ष्य और वैधानिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद सक्षम प्राधिकारी से बेदखली आदेश प्राप्त किया गया।

इसके बाद संयुक्त अमला भारी मशीनरी के साथ मौके पर पहुंचा और कार्रवाई शुरू की। अभियान के दौरान 3 जेसीबी एवं 2 ट्रैक्टर की मदद से अवैध कब्जे और निर्माण हटाए गए। वहीं भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न हो, इसके लिए वन विभाग ने मौके पर ही कंटूर ट्रेंच खुदवाने का कार्य भी कराया।

कार्रवाई में बदरवास के वन परिक्षेत्राधिकारी रवि पटेरिया, वन वृत्त शिवपुरी एवं सामान्य वनमंडल शिवपुरी के उड़नदस्ता दल, नायब तहसीलदार आशीष जैन, थाना प्रभारी तेंदुआ नीतू धाकड़, रन्नौद थाना पुलिस बल तथा कोलारस वन परिक्षेत्र का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

सीएम राइज की बेटियों से रूबरू हुए जनपद सीईओ

नवभारत न्यूज
पोहरी, 16 जून। प्रशासनिक व्यस्तताओं के बीच जनपद पंचायत पोहरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऑफिसर सिंह गुर्जर ने सीएम राइज स्कूल की छात्राओं से संवाद कर उन्हें जीवन में सफलता हासिल करने के गुर बताए। प्रेरणादायक संवाद के दौरान उन्होंने छात्राओं को शिक्षा, अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का महत्व समझाया।

सफलता के मंत्र देकर बढ़ाया आत्मविश्वास

सीईओ गुर्जर ने कहा कि स्पष्ट लक्ष्य, निरंतर परिश्रम और मजबूत इच्छाशक्ति ही सफलता की असली कुंजी हैं। उन्होंने छात्राओं से पढ़ाई के साथ नैतिक मूल्यों, व्यक्तित्व विकास और सामाजिक जिम्मेदारियों को भी अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चुनौतियां जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन धैर्य, लगन और आत्मविश्वास से हर कठिनाई पर विजय प्राप्त की जा सकती है। संवाद के दौरान छात्राओं ने अपने भविष्य, करियर और शिक्षा से जुड़े सवाल रखे, जिनका सीईओ ने सरल और प्रेरक अंदाज में उत्तर देकर मार्गदर्शन किया। उनके अनुभवों और सुझावों ने छात्राओं में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार किया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने इस प्रेरणादायक मुलाकात के लिए आभार व्यक्त किया।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म 6 घंटे में आरोपी को दबोचा

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 16 जून। करैरा थाना पुलिस ने बलात्कार के एक गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को महज 6 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर दर्ज अपराध क्रमांक 404/26 में आरोपी इंदर सिंह कुशवाह उम्र 36 वर्ष निवासी जनकपुर, पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी पिछले छह वर्षों से उसके संपर्क में था और स्वयं को उससे विवाह करने तथा साथ रखने का भरोसा देता रहा। इसी झांसे में आकर उसने 4 जून 2026 को पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाए। शिकायत मिलते ही करैरा थाना पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की और पुलिस अधीक्षक श्रीमती यांगचेन डोलकर भूटिया के महिला अपराधों में जीरो टॉलरेंस के निर्देशों के तहत तत्काल कार्रवाई की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी करैरा प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी इंदर सिंह कुशवाह को उसके गांव जनकपुर से गिरफ्तार कर लिया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद सिंह छावई, उप निरीक्षक अंजली सिंह, महिला आरक्षक देवकी पाल एवं आरक्षक शिवम यादव की सराहनीय भूमिका रही।

एनएसयूआई-यूथ कांग्रेस ने फूंका पुतला

शिवपुरी, 16 जून। कांग्रेस की राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र निरस्त किए जाने और भाजपा उम्मीदवार महेश केवट के निर्विरोध निर्वाचित होने के विरोध में सोमवार को शिवपुरी में एनएसयूआई और यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निर्वाचन आयोग के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। माधव चौक पर आयोजित प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने निर्वाचन आयोग पर निष्पक्षता से कार्य नहीं करने का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन बिना उचित जांच के निरस्त किया गया, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग लगातार पक्षपातपूर्ण रवैया अपना रहा है, जिससे चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रदर्शन में यूथ कांग्रेस अध्यक्ष सत्यम चौहान, एनएसयूआई महासचिव उबैद हुसैन, हरिओम यादव, सिद्धार्थ चौहान, केके खंडेलवाल, बाइसराम धाकड़, ललित सेन, पुनीत शर्मा, अमन खान, विश्वविजय सिंह, प्रयागराज, मोहित रघुवंशी, जैद पठान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

छात्राओं का अक्षत तिलक लगाकर हुआ स्वागत

नवभारत न्यूज
बदरवास, 16 जून। मध्यप्रदेश शासन के 'स्कूल चलें हम अभियान' के द्वितीय चरण अंतर्गत शाला प्रारंभ उत्सव का आयोजन शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी विद्यालय बदरवास में उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार द्वारा नवप्रवेशी छात्राओं का अक्षत तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्हें शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया।

कन्या उमावि. बदरवास में उत्साह के साथ मनाया शाला प्रारंभ उत्सव

इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्राओं को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया। शिक्षकों ने छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय आने, अनुशासन का पालन करने तथा शिक्षा के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। छात्राओं से कहा कि वे लगन, मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ अध्ययन करें, जिससे वे अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें और परिवार, समाज तथा राष्ट्र का नाम रोशन करें। शिक्षकों ने शिक्षा को जीवन की सफलता की कुंजी बताते हुए छात्राओं को निरंतर सीखने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राचार्य चंद्रवीरसिंह सेंगर, गोविन्द अवस्थी, ममता श्रीवास्तव, बसंती मिंज, कपिल परिहार, ममता यादव, राजेश मिश्रा, शैलेंद्र भदौरिया, कनक कुशवाह, महेंद्र कुशवाह, बलराम परिहार सहित विद्यालय स्टाफ और छात्राएं उपस्थित रहीं।

6 साल से फरार वारंटी को नशे में घूमते दबोचा

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 16 जून। पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया के निर्देश पर जिलेभर में चलाए जा रहे वारंटी पकड़ो अभियान के तहत सुभाषपुरा थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

पुलिस ने छह वर्षों से फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। सुभाषपुरा थाना प्रभारी अरविन्द सिंह चौहान के अनुसार आरोपी रामबाबू मोगिया के खिलाफ माननीय न्यायालय शिवपुरी द्वारा वर्ष 2020 के विभिन्न प्रकरणों में तीन स्थायी वारंट जारी किए गए थे। लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी की तलाश लगातार की जा रही थी, लेकिन वह पुलिस को चकमा देने में सफल हो रहा था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना सुभाषपुरा पुलिस ने उसकी तलाश तेज की। इसी दौरान 15 जून को सूचना मिली कि वारंटी रामबाबू पुत्र लखन मोगिया उम्र 28 वर्ष निवासी गोपालपुर ग्राम सेंवड़ा क्षेत्र में शराब के नशे में घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया और फिर न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अरविंद सिंह चौहान, सहायक उपनिरीक्षक महेश शर्मा, प्रधान आरक्षक राजेश मिश्रा, आरक्षक अवधेश शर्मा, गोरे सिंह जादौन, सुखवीर सिंह जाट एवं अर्जुन सिंह जाट की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी बनी अखाड़ा

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 16 जून। जिला मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में सोमवार देर रात उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब मरीज के परिजनों और सुरक्षा गार्डों के बीच प्रवेश को लेकर विवाद हो गया। मामूली कहासुनी कुछ ही देर में मारपीट में बदल गई, जिससे अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार ठकुरपुरा निवासी एक बुजुर्ग महिला को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज लाया गया था। इमरजेंसी वार्ड में भर्ती की प्रक्रिया के दौरान परिजनों के अंदर जाने को लेकर सुरक्षा कर्मियों ने रोक-टोक की। इसी बात पर दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हुई, जो देखते ही देखते उग्र हो गई। मरीज के परिजन किरण पाल का आरोप है कि सुरक्षा गार्डों ने उनके बेटे को घेरकर उसके साथ मारपीट की। वहीं सुरक्षा गार्डों का कहना है कि परिजनों ने नियमों का उल्लंघन करते हुए अभद्र व्यवहार किया और उनके साथ हाथापाई की। घटना के बाद अस्पताल में मौजूद लोगों की भीड़ जमा हो गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर एनसीआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और संबंधित पक्षों के बयान के आधार पर तथ्य सामने आने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

एंट्री को लेकर गार्ड और परिजन भिड़े

महासम्मेलन 18 जून को, होगा भव्य आयोजन

बैतूल। 18 जून को बैतूल के लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में आयोजित होने जा रहे भव्य आध्यात्मिक महासम्मेलन की तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी हैं। ब्रह्माकुमारीज़ संस्था द्वारा आयोजित आध्यात्मिक जागृति द्वारा आदिवासी समाज का सशक्तिकरण विषयक इस विशेष कार्यक्रम में देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। पत्रकार वार्ता में ब्रह्माकुमारीज़ के वरिष्ठ प्रतिनिधि डॉ. नथमल भाई ने बताया कि कार्यक्रम स्थल को सुरक्षा और व्यवस्थाओं की दृष्टि से पूरी तरह तैयार कर लिया गया है।

फ्रैक्चर भी नहीं रोक पाया फर्ज

पलंग पर बैठकर जनसुनवाई करते रहे एसडीएम

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 16 जून। कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा का जज्बा क्या होता है, इसका जीवंत उदाहरण कोलारस के एसडीएम अनूप श्रीवास्तव ने पेश किया है। पैर में फ्रैक्चर होने और डॉक्टरों द्वारा आराम की सलाह दिए जाने के बावजूद उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों से दूरी नहीं बनाई। मंगलवार को वे कार्यालय में पलंग पर बैठकर जनसुनवाई करते नजर आए और आमजन की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण के निर्देश दिए।

एसडीएम ने जीता लोगों का दिल

चोट लगी, लेकिन जनसेवा नहीं रुकी : जानकारी के अनुसार हाल ही में क्षेत्रीय दौरे के दौरान एसडीएम अनूप श्रीवास्तव का पैर फिसल गया था, जिससे उनके पैर में फ्रैक्चर हो गया। उपचार के बाद पैर पर प्लास्टर चढ़ाया गया और चिकित्सकों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी। इसके बावजूद उन्होंने घर पर रहने की बजाय कार्यालय पहुंचकर जनता की समस्याएं सुनना अधिक उचित समझा एसडीएम की चोट की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उनका हालचाल जानने अनुविभागीय कार्यालय पहुंचे। जनपद अध्यक्ष भरत सिंह चौहान, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रविंद्र शिवहरे, ओपी भार्गव, बलवीर निबोरिया और गुरप्रीत चीमा सहित अन्य लोगों ने उनसे मुलाकात कर शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। सभी ने विपरीत परिस्थितियों में भी जनता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और सेवा भाव की सराहना की।

पीएम स्वनिधि योजना में महिला उद्यमी परेशान

सारनी। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत स्वीकृत 50 हजार रुपये का ऋण नहीं मिलने पर सारनी निवासी श्रीमती पूजा श्यामाकांत शर्मा ने कलेक्टर से कार्रवाई की मांग की है। वार्ड क्रमांक-3 सतना लाइन निवासी श्रीमती पूजा शर्मा ने आवेदन में बताया कि वह ब्यूटी पार्लर एवं बुटिक का संचालन करती हैं और व्यवसाय के विस्तार के लिए प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत तीसरी बार ऋण के लिए आवेदन किया था। नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा उनका आवेदन स्वीकृत कर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा सारनी भेजा गया था। आवेदिका का आरोप है कि बैंक प्रबंधक द्वारा उन्हें बार-बार बैंक बुलाकर गुमराह किया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद उन पर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया गया। शिकायत वापस नहीं लेने पर बैंक प्रबंधक ने कथित तौर पर कहा कि जहां शिकायत करना हो वहां शिकायत करिए, मैं तुम्हारा लोन पास नहीं करूंगा। श्रीमती पूजा शर्मा ने बताया कि उन्होंने सभी आवश्यक दस्तावेज जमा किए, ऑनलाइन स्टाम्प पेपर भी बैंक में प्रस्तुत किया और बैंक द्वारा उनके कार्यस्थल का निरीक्षण भी कराया गया। इसके बावजूद ऋण स्वीकृत नहीं किया गया। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत पूर्व में लिए गए दो ऋणों की पूरी राशि ब्याज सहित समय पर जमा कर चुकी हैं। आवेदिका ने कलेक्टर से मामले की जांच कर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत स्वीकृत ऋण दिलाने की मांग की है।

भारत भारती में हुआ बास शिल्प प्रशिक्षण

बैतूल । मध्यप्रदेश प्राद्योगिकी परिषद् भोपाल की योजनान्तर्गत बांस शिल्प कला और अनुसंधान केंद्र भारत भारती परिसर में बांस शिल्प प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में बैतूल विकासखंड के 75 जनजाति युवक-युवतियों ने बांस के सजावटी सामान, लेम्प, गुलदस्ता आदि बनाना सीखा। इस अवसर पर भारत भारती आईटीआई के प्राचार्य विकास विश्वास, प्रशिक्षण अधिकारी अखिलेश शर्मा, प्रशिक्षक नरेन्द्र मोहबे उपस्थित रहे।

कई दिनों के इंतजार के नगर में तेज बारिश

मुलताई। क्षेत्र में कुछ ग्रामो में एक सप्ताह पहले से बारिश होने की खबर मिल रही थी,लेकिन नगर में बारिश नही होने से लोगो को बारिश का इंतजार था। लगातार दो दिनों से बादलो एवं सूर्यदेव के बीच लुका छिपी का खेल चल रहा था, जो की मंगलवार को भी चल रहा था,लेकिन करीब सवा 2 बजे आसमान पर काले काले बादल छाए और करीब 15 मिनिट तक चली तेज हवाओ के साथ बारिश होने लगी जो करीब आधा घंटा तक होते रही। जिससे सड़को पर पानी बहने लगा, वहीं बारिश से ठंडक होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। खेती किसानी करने वाले लोगो का मानना है की इस तरह की बारिश दो तीन बार लगातार होंगी तभी बोवनी लगा सकते है।

बरसात से पहले संभाल लें दिनारा तालाब

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 16 जून। कभी क्षेत्र की पहचान और हजारों किसानों की जीवनरेखा रहा ऐतिहासिक दिनारा तालाब आज बदहाली की कहानी बयां कर रहा है। जर्जर होती पाल, टूटती सीढ़ियां, क्षतिग्रस्त 16 द्वारी और वर्षों से उपेक्षित चेक डैम को लेकर अब जनआक्रोश खुलकर सामने आने लगा है। समाजसेवी एवं गौसेवक कल्लू महाराज ने प्रशासन को चेतावनी भरे अंदाज में आगाह करते हुए कहा है कि यदि बरसात से पहले आवश्यक सुधार कार्य नहीं हुए तो बड़ा हादसा होने के साथ जल संरक्षण की पूरी व्यवस्था भी खतरे में पड़ सकती है।

कल्लू महाराज ने कलेक्टर अर्पित वर्मा से तत्काल निरीक्षण कर व्यापक मरम्मत और सौंदर्यीकरण कार्य शुरू कराने की मांग की है। उनका कहना है कि तालाब की पाल कई स्थानों पर कमजोर हो चुकी है, जबकि वर्षों पुरानी सीढ़ियां टूट-फूट और फिसलन के कारण दुर्घटना को आमंत्रण दे रही हैं। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के दौरान प्रभावित हुई ऐतिहासिक 16 द्वारी आज भी अपनी मरम्मत की प्रतीक्षा कर रही है, जिससे क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर लगातार क्षीण होती जा रही है। उन्होंने बताया कि तालाब से जुड़ा चेक डैम भी लंबे समय से क्षतिग्रस्त पड़ा है। यदि मानसून से पहले इसकी मरम्मत नहीं हुई तो लाखों लीटर पानी व्यर्थ बह जाएगा, जिसका सीधा असर किसानों, पशुपालकों और ग्रामीणों पर पड़ेगा। कल्लू महाराज ने कहा कि दिनारा तालाब सिर्फ जल का स्रोत नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था, खेती और पर्यावरण का आधार है। इसलिए प्रशासन को इसे सामान्य निर्माण कार्य नहीं, बल्कि जल संरक्षण और विरासत बचाने के अभियान के रूप में लेना चाहिए। उनकी प्रमुख मांगों में तालाब का सौंदर्यीकरण, जर्जर सीढ़ियों की मरम्मत, 16 द्वारी का संरक्षण, चेक डैम का पुनर्निर्माण और पाल को मजबूत करना शामिल है।